किसी जगह पर कंज्यूम करने के लिये हमारे पास जगह नहीं है । हर साल एक से दो मिलियन टन के करीब कोयला पिटहेड्स के ऊपर बचा रहता है । जो हमने नेशनल कोल डेवलपमेंट कारपोरेशन चालू किया, वह इस खयाल से चालू किया कि प्राइवेट सेक्टर जो हैं वह जितने कोयले की हमको जरूरत है, उतना निकाल कर के नही दे सकेगा और बहुत जल्दी में आ कर के हम लोगों ने यह सैकडों करोड़ रुपया उनके ऊपर खर्च कर दिया । मध्य प्रदेश में कोबा माइन्स के ऊपर एन० सी० डी० सी० ने १२ करोड़ रुपये का खर्चा किया और इस खयाल से किया कि वहां पर चार लाख टन कोल वे मथली रेज करेंगे और उसको उठाने के लिये और दूसरी जगह पर ले जाने के लिये २८३ मील रेलवे लाइन साउथ ईस्टर्न रेलव ने बनाई जिस के ऊपर ५० से ६० करोड़ रुपये के दर्मियान खर्च हुआ । मगर आज उस जगह की पोजीशन यह है कि वहा हम ८० हजार टन कोयला निकालते है और वह ८० हजार टन कोयला इस लायक नही है कि उसकी हम मार्केट में विक्री कर सके । इस की वजह से यह जितना रुपया हमने रेलवे लाइन बनाने पर खर्च किया और अभी तक वहां जो कुछ हुआ, वह मेरे खयाल से वेस्ट हुआ है । अगर उसकी प्रापर प्लानिग होती और उसको प्रापर चैकिंग की जाती और जल्दी मे आकर हम इस कदम को न उठाते तो यह देश का इतना रुपया किसी और काम मे लग सकता था । एन० सी० डी० सी० के कोल के काम मे आने की वजह से बहुत सी चीजें हुई, क्योंकि इस ने कोल रेज़ करने की कास्ट इतनी बढ़ा दी थी कि प्राइवेट सेक्टर भी हल्ला मचाता था कि कोल की प्राइस बढ़नी चाहिए और एन० सी० डी० सी० की कास्ट को देख कर के प्राइवेट सेक्टर से कोल की कीमत भी दो तीन दफ़ा बढानी पड़ी । हम प्राइवेट सेक्टर को चेक करने लिए गए, मगर गल्ती की वजह से और प्रापरली काम न करने की वजह से प्राइवेट सेक्टर को एडवाटेज ही मिला । तो मेरे ख़्याल में आगे के लिए हम को ऐसा कदम नही उठाना चाहिए, जिस से कि बजाय इस के कि हम प्राइवेट सेक्टर की राइजिग कास्ट की डिमांड को रोके, हम पबलिक सेक्टर के जो प्रोजेक्ट्स है उनकी कास्ट इतनी बढ़ाते जायें कि उसको देख कर के खामख्वाह अपने आप को बचाने के लिए प्राइवेट सेक्टर के प्रोडक्शन की कास्ट को, उनकी सेलिग प्राइस को, बढाते जाना पडे ।

شری عبدالغنی : اور یہ سچ ہو جائے کہ کوئلہ کی دلالی میں منہ کالا

†[श्री अब्दुल गनी : और यह सच हो जाये कि कोयले की दलाली में मुंह काला ।]

**श्री सुरजीत सिंह अटवाल :** मुंह काला तो जहां जरूरत पड़े उसी वक्त हो सकता है ।

अब, तीन स्टील प्लांट में हमने बहुत सा रुपया खर्च किया । जब प्राइवेट सेक्टर में स्टील प्लांट्स चलते थे तब लोहे के भाव 600 या 500 रु० टन थे । और अब 750 या 800 रु० टन हो गए है । तो हम ने प्राइवेट सेक्टर को चैक नही किया, बल्कि प्राइवेट सेक्टर को इस हालत में लाकर के खड़ा कर दिया कि वे हमेशा हमारे सिर पर डंडा ले कर खड़े रहें । तो मेरी रिक्वेस्ट है कि पबलिक सेक्टर में जो चीज हम करना चाहते है उसके लिए जब तक हमारे पास पूरे साधन न हों , जब तक हम उनको एकानामीकली, कम्पीटीशन मै आ कर, चला न सकें, तब तक जल्दी में आकर उन के ऊपर इस तरह से रुपया वेस्ट न किया

†[ ] Hindi transliteration.

[श्री सुरजीत सिंह अटवाल]

जाये जो कि हम हर एक तरीके से लोगों की कमाई से टैक्स लेकर या जिस तरीके से भी हो, इकट्ठा करते हैं।

दूसरी बात यह है कि हमारे देश में सब से ज्यादा जिस चीज की शार्टेज़ पड़ती है, वह खुराक की है, । खुराक के बारे में बहुत सी स्कीमें बनती हैं मगर आगे चल कर के कोई एक्शन में नहीं लाई जातीं । पीछे हमारे देश में खाने की चीजों की बहुत कमी आई और बहुत से फैसले किए गए और इन फैसलों को अगर लागू किया जाये तो देश में खाने की चीजों की कमी नहीं रहेगी, मगर मुझको अफसोस से कहना पड़ता है कि अभी तक उन फैसलों को हम लोगों ने लागू नहीं किया । अगर हमें अमेरिका के ऊपर ही हमेशा डिपेंड रहना है कि वह हमें खाने को देता रहे, तो ठीक है । हमको कोई एक्शन नहीं लेना चाहिए, लेकिन अगर अमेरिका से मंगा कर खाते रहने से हम को बचना है तो हमको जो फैसला करते हैं उन पर रीयल मानों में एक्शन लेना होगा । अगर हम एक्शन नहीं लेंगे तो आटोमैटिकली खाने पीने की जितनी चीजें जरूरी हैं और जितनी मिकदार में हमको ज़रूरत है वह हमें कभी भी मुहैया नहीं होंगी । पिछले वर्ष में सरकार के कुछ फैसले अच्छे हुये लेकिन इस ख्याल से बचा जाये कि बस हमारी प्राबलम साल्व हो गई है । यह एक बहुत बड़ा धोखा है और इसके जरिये हमें बहुत सी मुश्किलात आगे सहनी पड़ेगी । हम लोगों को एग्रीकल्चर को बढ़ाने के लिए सही मानो में उन लोगों की मदद करनी होगी जो कि खुराक पैदा करते हैं। और उन के पास एकानामिक होल्डिंग्स हैं या नहीं हैं, यह देखना होगा, उनको मैकेनिकल तरीके और ट्रैक्टर्स वगैरह सप्लाई करने होंगे और वह जितनी भी जल्दी सप्लाई किया जा सके उतना ही हमारे लिए अच्छा है । इसलिए मैं मिनिस्टर फार फूड एंड एग्रीकल्चर से रिक्वेस्ट करूंगा कि अगर वह सही मानों में खुराक के मसले को हल करना चाहते हैं तो जल्द से जल्द उन फैसलों को, जो उन्होंने पहले किए थे, लागू करें।

दूसरे, फाइनेंस मिनिस्टर साहब ने कुछ एक्शंस लिए हैं कि काला धन किसी तरह से बाहर आ सके और उसके लिए उन्होंने बहुत सी सहूलियतें लोगों को दीं जिस से कि वह उस रुपये को बाहर ला सकें, मगर मेरे ख़याल में जितना रुपया बाहर आना चाहिए था वह नहीं आया और इसकी वजह मेरे ख्याल में यह है कि जो छोटे बिजनेसमैन अपना काम करना चाहते हैं, उनको बैंक से या फाइनेन्सियल कार्पोरेशंस के जरिए से इनवेस्ट-मेंट की जितनी सहूलियत होनी चाहिए उतनी नही है और इस वजह से उनको उन लोगों के पास मदद लेने के लिए जाना पड़ता है जिन के पास यह रुपया है, जो कि नम्बर दो का कहा जाता है, यह रुपया जिनके पास पड़ा हुआ है उन से उस रुपये को लेकर के उनको काम चलाना पड़ता है । तो जब इस तरीके से वह रुपया मार्केट में चालू रहेगा तब कोई भी आदमी यह कोशिश नहीं करेगा कि ४० और ६० की बेसिस पर गवर्नमेंट के सामने अपना रुपया डिक्लेयर कर दें । तो मैं फाइनेन्स मिनि-स्टर साहब से रिक्वेस्ट करूंगा कि वह बैंक्स और दूसरी जो फाइनेंसियल कार्पोरेशंस हैं उनको कहें कि वे मिडिल क्लास बिजनेस-मैन को रुपया अच्छी सहूलियतों पर दें जिस से कि बजाय इस के कि वे लोग अंडरग्राउंड रुपये को लेकर अपने बिजनेस में लगायें, बैंक और फाइनेन्सियल कार्पो-रेशंस से रुपया ले कर अपना काम चला सकें । जब वह रुपया जो कि इस वक्त छिपा हुआ है किसी के कारोबार में नही लगेगा तो आटोमैटिकली वह बाहर आ जायगा और बाहर जेनविन बिजनेस में लगना शुरू हो जायेगा । जिसके जरिए

से गवर्नमेंट को टैक्सेज़ और रेवेन्यू ज्यादा मिलेगी ।

दूसरी फाइनेंस मिनिस्टर से मेरी यह रिक्वेस्ट है कि जिस तरीके से वह यह रूल लागू करते हैं कि जो आदमी इंकमटैक्स का पेमैंट नहीं करता या रेवेन्यू नहीं देता उसको हर तरह की सजा दी जा सकती है । उसी तरीके से कुछ ऐसा रूल भी लगाएं कि पबलिक सेक्टर में या प्लानिंग में जो करोड़ों रुपया वेस्ट करते हैं उन के ऊपर भी कोई एक्शन लिया जा सके । जैसा कि मैंने अर्ज किया कि हमने देश में बहुत कुछ किया है, मगर किया है बहुत महंगे भाव पर और किया है बहुत आहिस्ते, आहिस्ते ।

इसी तरीके से हम आज एक मुश्किल के सामने एक मुसीबत में आ पड़े हैं । हमने अपनी फौज को शांति से बढ़ाना शुरू किया इस शांति से, इस आसानी से उसको बढ़ाते गये कि चाइना ने जिस वक्त हमारे ऊपर अटक किया उस वक्त हमने दिल को समझा लिया, दिल को तसल्ली दे दी, लोगों को तसल्ली दे दी कि वह एक बहुत बड़ी ताकत है, हम लड़ाई लड़ने के लिए तैयार नहीं हैं । आज पाकिस्तान ने हमारे ऊपर अटैक कर दिया और हमारी जमीन का हिस्सा अपने कब्जे में कर लिया । क्या इस वक्त भी हम यह कहेंगे कि यह भी एक बहुत बड़ा देश है, क्या इस वक्त भी हम अमेरिका से हथियार मांगने के लिये जायेंगे? मेरा खयाल है कि अगर हमको अमेरिका से हथियार ले कर, अमेरिका से हथियार मांग कर पाकिस्तान से लड़ना है तो उससे हमें मर जाना बेहतर है । तो मैं प्राइम मिनिस्टर साहब से रिक्वेस्ट करूंगा कि वे डिफेंस मिनिस्टर साहब से रिक्वेस्ट करेंगे कि जब इतना रुपया हम डिफेंस सर्विसेज के ऊपर खर्च करते हैं तो क्यों न उनका जल्द से जल्द समय में ऐसा लायक बना दें कि कोई देश हमारी तरफ बुरी निगाह से न देख सके । मगर आज हाल यह हो चुका है, पहले चाइना उठाता है, फिर पाकिस्तान उठता है और कल हो सकता है सीलोन वाले भी कहें कि समुन्दर पार हमारा भी हिस्सा है । तो मैं डिफेंस मिनिस्टर साहब से रिक्वेस्ट करूंगा कि वे जल्द से जल्द अपनी फौज को हर तरीके से मजबूत करने का बंदोबस्त करें; नहीं तो जिस तरह से आज देश की हाल है, पबलिक का मारल हमेशा गिरता चला जायेगा ।

**कुमारी मणिबेन वल्लभभाई पटेल** (गुजरात) : आज शाम को कच्छ के बारे में हमारे प्राइम मिनिस्टर कुछ निवेदन करने वाले हैं, ऐसा मैं ने सुना है । आशा करती हूं कि इस हाउस में भी करेंगे ।

कच्छ के बारे में मुझे यह कहना है कि पिछले सेशन में भी मैं ने आरम्भ में कहा था कि जिस तरह से चीन ने हमारे ऊपर आक्रमण किया उसके बाद हम जगे । हमारी तैयारी नही थी, हमको धोका दिया गया, ऐसा हमने कहा । अब इसी तरह से कच्छ में न हो, इसके बारे में आपको सावधान रहना चाहिये और देखना चाहिए । मुझे दुःख है कि मेरे कथन पर ध्यान नहीं दिया गया और आखिर यही हालत हुई कि एस०आर०पी० और सी०आर० पी० को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ा और बार बार गुजरात सरकार ने दिल्ली को लिखा, एक बार तो खुद आ कर वहां के कर्मचारियों ने बताया । तब भी ध्यान नहीं दिया और काफी दिनों के बाद हमारी फौज वहां भेजी गई और भेजने के बाद भी कई दिनों तक फौज पीछे और आगे एस. आर. पी. और सी. आर. पी रही, यह ढंग रहा । वहां मैं और काम के लिये पिछले महीने की १७ तारीख को तीन दिन के लिये गई थी । मैं ने देखा, वहां के लोग देहात में भी काफी स्वस्थ हैं, उनमें कोई घबराहट नहीं है , कोई ऐसी हवाई बातें चिल्लाते नहीं थे । उन्हें हमारी लश्कर में पूरा विश्वास था और वे चाहते थे कि जो कुछ मदद कर सकें, करें । हर तरह

[कुमारी मणिबेन वल्लभभाई पटेल]

मदद करने के लिये वे तैयार है। परन्तु इतने सालों से गुजरात सरकार कहती रही, बम्बई सरकार थी, तब उन्होंने भी कहा। पर दु:ख की बात है, इधर कुछ उसके बारे में लक्ष्य नही दिया और जो खास छ: सड़कें थीं जो हमारी सरहद के कारण जरूरी थी, उसमे से एक भी नही बनाई और एक सड़क की, जिसकी मन्जूरी दी है, उसकी भी अभी जवानी बात है। पिछले हफ्ते तक न पैसे दिये गये थे और न लिखित हुकम किया गया था और किस तरह से बिना लिखे हुए कोई चीज कैसे कोई कर सकता है?

एक आई० जी० पी० के बारे में यहां काफी बातें चल रही है। मुझे इसमें बहुत दु:ख होता है क्योकि असम में कुछ भी हुआ हो, असम के अन्दर जो पाकिस्तानी मुसलिम्स का इन्फिलट्रेशन हुआ है उसके पहले इतिहास से मै वाकिफ हूं और उसके कई कारण है। आखिर मे, जो कर्मचारी है वह तो ऊपर के मिनिस्टर्स, और जैसी गवर्नमेंट की पालिसी है या जैसी गवर्नमेंट है, उसी तरह से वह काम करते है। मेरा अनुभव है कि जो आई०सी० एस० आफिसर्स हैं, जितनी वफादारी से और जोश से ब्रिटिश सरकार की नौकरी करते थे और उनके हुक्म का पालन करते थे, वही लोग आज हमारी सरकार की भी उसी तरह से सेवा कर रहे है। तो मेरा यह कहना है कि आज गुजरात के आई० जी० पी० के बारे मे जो इधर बातें चल रही है वे मेरी राय मे गलत है और ऐसे मौके पर ऐसी बात कर के किसी कर्मचारी को निरूत्साहित करना और उसको दु:ख लगाना गलत है। मै यह कहना चाहती हू कि जब वे भेजे गये तब लोगो के मन मे भरोसा था, विश्वास था, ऐसा कहा था। सब जानते थे कि असम से आ रहे है और असम की जो स्थिति है वह भी जानते थे। परन्तु मुझे कहना चाहिये कि हमको अनुभव यह हुआ है कि आज उनके बारे मे हम कोई शिकायत नही कर सकते, न सरकार, न लोग। सब को पूरा भरोसा है कि वे अच्छी तरह से वफादारी से काम कर रहे है और इतना ही नहीं बल्कि कच्छ के बारे में जो परिस्थिति हुई उसके बारे में उन्होंने पहले ही सावधान किया। इतना ही नहीं, बल्कि उन्होने कहा कि इतने स्टेप्स नहीं लिये जायेंगे, इतना इतना नहीं किया जायगा तो हमको जोखिम है और आज दिल्ली की सरकार कबूल करती है कि उन्होने जो कहा वह बिल्कुल सही था। इसलिये मैं इस सदन के द्वारा यह बात साफ करना चाहती हूं और मुझे दु:ख है कि हमारे गृह-मंत्री से जब सवाल लोक सभा मे उठाया गया तो उस वक्त तुरन्त जवाब नही दिया गया। रवैया तो यह है कि जो व्यक्ति या जो कर्मचारी अपना बचाव नही कर सकता, जो अपना पौइन्ट आफ व्हयू नहीं रख सकता उसका सदन मे जिक्र नही आना चाहिये। परतु मैं देखती हूं, यह जो रवैया था वह बिल्कुल चला गया है, यह अच्छा नही है, इसका अमल न इस हाउस मे होता है न उस हाउस मे होता है और उसका आग्रह न चेयर रखता है न मिनिस्टर रखता है। यह बिल्कुल अच्छा नहीं है।

दूसरी बात मुझे यह कहनी है कि हमारे साम्यवादियों को कोई भी मौका मिले तो एक बिड़ला के बारे मे न मालूम क्या आकेजन है, कुछ भी हो, उनको गाली देने का यहा मौका लेते हैं और दु:ख की बात है उनको रोका नहीं जाता। आप जेनरल पालिसीज पर कुछ भी कहें, परन्तु एक व्यक्ति का नाम ले कर, जो खुद आकर अपना बचाव नही कर सकता, उसके बारे मे इस तरह से हर मौके पर बात करना चाहते है, यह बिल्कुल गलत चीज है। हमारे गृह-मंत्री कलकत्ता गए और उनके साथ थे और किसी अखबार वाले ने उनका चित्र छापा तो कोई उन्होने तो नही कहा था कि मेरा फोटो ले लो, मेरा फोटो छापो। वह फोटो ले कर कहते है गृह-मंत्री उनके साथ क्यों गए?

4 P. M.

आखिर यह जो सरकार है वह सारे देश की सरकार है। हम उद्योगपतियों को देश से अलग नहीं मानते। वे देश का विकास करते हैं और हम उन्हें साथ लेना चाहते है। सरकार उद्योगपतियों से सहकार लेना चाहती है, अगर हमारे मंत्री जी उद्योगपति जी के घर गये या वे उनके पास आये, मंत्री जी ने उनको अपने साथ बातचीत करने के लिए बुलाया तो क्या हो गया? कोई बुरी बात तो नहीं क और न वे उद्योगपति बुरे ही आदमी है। जो उद्योगपति बुरे हों, हमे उन्हें जरूर शिक्षा देनी चाहिये। लेकिन किसी सदस्य का इस तरह की बातें कहने की लिबर्टी देना मुझे ठीक नहीं लगता है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहती हूं कि हमारे यहां अब फारेन फर्म्स के साथ एडवर्टाइजमेट के मामले मे कालोबरेशन हो रहा है। मुझे आश्चर्य होता है कि वह इस तरह की बात क्यों करने दे रही है? क्या हमारे लोगों में इस तरह की शक्ति नही है कि वह इस तरह के एडवर्टाइजमेंट का काम कर सकें? अगर हम यहा के लोगों की शक्ति का विकास चाहते है, उनको आगे बढ़ाना चाहते हैं, उनको इम्प्लायमेट देना चाहते है, तो सरकार को यह काम यहां के लोगों के जरिये कराने देना नही चाहिये था। अगर सरकार छोटे छोटे आदमियों को आगे बढ़ाना चाहती है, यहां के फर्म्स को आगे बढाना चाहती है, तो यह काम उनको दिया जाना चाहिये। इसलिये मै निवेदन करना चाहती हूं कि सरकार को इस बारे में सोचना चाहिये।

एक बात मेरी और समझ में नही आती है और मैं दो सालों से इस बारे में कहती आ रही हूं। मैंने यह बात कम्युनिकेशन मिनिस्टर साहब से कही, लेकिन उन्होंने मुझे कोई जवाब नहीं दिया। मैंने पूछा था कि जब हमारा रेलवे विभाग अपना टाइम टेबुल प्रादेशिक भाषा में छापता है और उसमें जो आंकड़े होते हैं वे भी प्रादेशिक भाषा में छापे जाते हैं तो टेलीफून डायरेक्टरी के आंकड़े क्यों नहीं छापे जाते? जब मैं राज्य सभा की सदस्य नहीं थी तो मुझे जवाब दिया गया कि हमारे विधान मे लिखा है कि गुजराती डायरेक्टरी में डिजिट गुजराती भाषा में नहीं छापे जा सकते हैं; बल्कि अंग्रेज़ी भाषा में छापे जाने चाहिये। जब मैंने पूछा कि विधान में ऐसी कौन सी धारा है जिसमें यह बात लिखी हुई है? मैंने यह बात दो तीन बार पूछी मगर कोई जवाब नहीं दिया गया। जब मैं राज्य सभा की सदस्य बनी तब जवाब दिया गया और जब कनसलटेटिव कमेटी की मीटिंग होने को आई तब जवाब दिया गया कि विधान मे तो ऐसी कोई बात नहीं है, लेकिन सुविधा के लिए हमने अंग्रेजी डिजिट छापे है। इसलिये मैं सरकार से निवेदन करना चाहती हूं कि इस बारे में उसे ध्यान देना चाहिये कि जिस भाषा में टेलीफोन डायरेक्टरी छपती है उसी भाषा में उसके डिजिट में छापे जाने चाहिये। अगर रेलवे विभाग यह कार्य कर सकता है तो जनता की सुविधा के लिए यह कार्य किया जाना चाहिये। जहा तक डायल के डिजिट का सम्बन्ध है उसमे अंग्रेज़ी के डिजिट रहने देना चाहते है, तो मुझे इस समय कोई एतराज नही है। लेकिन जहां तक टेलीफोन डायरेक्टरी मे डिजिट छापने का सवाल है, उसको अवश्य प्रादेशिक भाषा मे ही छापना चाहिये। अगर हमारे दिलों में राष्ट्रीय भावना है, तो मैं निवेदन करना चाहती हूं कि जिस भाषा मे डायरेक्टरी छपती है उसी भाषा मे डिजिट भी छापे जाने चाहिये।

हमारे विधान मे नशाबन्दी के बारे में लिखा है, लेकिन अजीब बात है कि

[कुमारी मणिबेन वल्लभभाई पटेल]

जब हम आगे बढना चाहते है तब हमारे कदम पीछे की ओर जाने लगते है। आज किसी ने एक सवाल पूछा कि कोई एक स्टेट शराब का कारखाना लगाने जा रही है या लगाना चाहती है, तो कहा गया कि उसके बारे मे दिल्ली सरकार को देखना चाहिये। लेकिन मै कहना चाहती हू कि अगर इस तरह की कोई बात है तो केन्द्र को उसको रोकना चाहिये। आज आन्ध्र मे काफी अंगूर हो रहे है और मैंने सुना है कि बड़े बडे सम्पत्तिवान् वहां पर जमीन खरीद रहे है। ये सम्पत्तिवान् इसलिये वहा पर जमीन खरीद रहे है क्योकि ये लोग समझते है कि कभी न कभी हमारे यहां से नशाबन्दी चली जायेगी और फिर हम वहा पर शराब का कारखाना शुरू कर देंगे। मै यह बात मानती हूं कि चाहे सारे देश को झोपडी मे रहना पड़े लेकिन हमारे यहां जो नशाबन्दी का काम है उसको रोका नही जाना चाहिये। मैं यह बात मानती हू कि एक कार्यक्रम बना कर इस कार्य को हमे स्टेप बाई स्टेप करना चाहिये जिससे कि यह सारे देश मे कामयाब हो सके। मै यह कहना चाहती हू कि इस सम्बन्ध मे हमारी सरकार की जो नीति है वह बहुत ही ढीली नीति है। यह दुःख की बात है कि जब इस चीज का प्रारम्भ हुआ था तब राष्ट्रपति भवन मे शराब नही दी जाती थी। मतलब यह है, सरकार की ओर से शराब के लिए बिल्कुल भी पैसा नही खर्चा जाता था, लेकिन आज मैने सुना है कि हमारे मिनिस्टर भी पार्टियो मे शराब देने लगे है। सरकार की ओर से यह कहा जाता है कि टूरेस्ट ट्रैफिक को बढाने के लिए और फारेन एक्सचेंज कमाने के लिए हम अपनी नीति मे ढील कर रहे है। सरकार जो होटल चला रही है उसमे भी काफी शराब दी जाती है। इसलिये मै निवेदन करना चाहती हूं कि सरकार को इस बारे मे कुछ न कुछ सोचना चाहिये और इस चीज को रोकना चाहिये।

इसके बाद मुझे अन्न की समस्या के बारे मे कहना है। मेरा कहना है कि जब तक आप यह जोन्स का सिस्टम खत्म नही करेंगे और कन्ट्रोल को खत्म नही करेंगे तब तक यह समस्या इस हल होने वाली नही है।

इसके बाद मै यह कहना चाहती हूं कि काशी विद्यापीठ और गुजरात विद्यापीठ ये दोनो ही नेशनल इन्स्टीट्यूशन्स सरकार ने माने है। विद्यापीठो को सरकार की ओर से पूरा खर्चा मिलता था, लेकिन गुजरात विद्यापीठ को यूनीवर्सिटी ग्रान्टस कमीशन के सुपुर्द कर दिया गया है। जब से उसे इसके सुपुर्द किया गया तब से उसको सरकार की ओर से कोई ग्रान्ट नही दी जाती है और कमीशन की ओर से तो पूरी सहायता मिलती नही है। विद्यापीठ ने कई कमिटमेट किये हुए है, कई मकान बनाने आरम्भ किये हुए है लेकिन न तो सरकार ही पैसा देती है और न ही कमीशन पैसा देता है। इस तरह से काम कैसे होगा? आगरा मे सरकार की ओर से जो हिन्दी का काम हो रहा है उसमे ७०, ९०, ११० रुपया स्टाइपन्ड दिया जाता है लेकिन इस विद्यापीठ को ४० रुपया ही स्टाइपण्ड दिया जाता है। यह जो भेदभाव है वह नही होना चाहिये।

अब मै एक बात प्रोजेक्ट के बारे मे कहना चाहती हू। मै कई सालो से यह बात कहती आ रही हू, लेकिन कोई ध्यान नही दिया जाता है। इस काम के लिए एक कमेटी बनाई गई थी, मगर वह भी काम नही करती है। लेकिन मै यह कहना चाहती हू कि जो प्रोजेक्ट सेन्टर के हाथ मे है उसमे प्रान्त इस तरह की कोई रुकावट करे, यह कोई कच्छी बात नही है। गुजरात के लोगों के मन मे इस बारे में

बहुत दुःख है और वे चाहते हैं कि नर्बदा का प्रोजेक्ट जल्द से जल्द पूरा किया जाये, ताकि वहां अन्न की समस्या हल हो सके।

अंतिम बात मैं यह कहना चाहती हूं कि हमारे प्रान्त में गैस मिल गई है लेकिन सरकार जिस दाम में आसाम को दे रही है उस दाम में हमको नहीं देना चाहती है। हमारे प्रान्त में कोयला भी बाहर से आता है जिसके लिए काफी फ्रेट देना पड़ता है। इसलिये मैं कहना चाहती हूं, गुजरात जब कि एक डैफिसेट स्टेट है और उसके साथ दूसरी तरह का ट्रीटमेंट क्यों किया जा रहा है; स्टेपमंदरली ट्रीटमेंट आसाम के मुकाबले में क्यों किया जा रहा है? इस तरह की बात नहीं होनी चाहिये यही मेरा आपसे कहना है।

**श्री जगत नारायण** (पंजाब) : वाइस चेयरमैन महोदय, परसों जब इस सदन में हमारे प्रधान मंत्री पाकिस्तान के ऐग्रेशन के सम्बन्ध में ब्यान दे रहे थे, तो उसका तालियों से स्वागत किया गया था और दोनों तरफ से किया गया था, कांग्रेस की तरफ से भी और अपोज़ीशन के कुछ मेम्बरों की तरफ से भी। मैं भी कुछ उस स्वागत में शामिल था, मगर मैं कुछ दुःख और शर्म के साथ शामिल था कि पाकिस्तान और चीन के नेता क्या समझते होंगे कि जब कभी इन पर आक्रमण होता है, तो पार्लियामेंट के दोनों हाउसेज़ बैठ कर के एक रेज़ोल्युशन पास कर देते है, कागज़ी रेज़ोल्युशन पास कर के चुप हो जाते हैं और अपना इलाका दुश्मन के हवाले कर देते हैं। पिछली दफा १४ नवम्बर, १९६२, को जो लोक सभा में रेज़ोल्युशन पास हुआ था, वह मैं इस हाउस की तवज्जह के लिये पेश करना चाहता हूं :

"This House notes with deep regret that, in spite of the uniform gestures of goodwill and friendship by India towards the People's Government of China on the basis of recognition of each other's independence, non-aggression and non-interference, and peaceful co-existence, China has betrayed this goodwill and friendship and the principles of Panchsheel which had been agreed to between the two countries and has committed aggression and initiated a massive invasion of India by her armed forces.".

आगे सुनने वाला है :

"This House places on record its high appreciation of the valiant struggle of men and officers of our armed forces while defending our frontiers and pays its respectful homage to the martyrs who have laid down their lives in defending the honour and integrity of our motherland.

"This House also records its profound appreciation of the wonderful and spontaneous response of the people of India to the emergency and the crisis that has resulted from China's invasion of India.

"It notes with deep gratitude this mighty upsurge amongst all sections of our people for harnessing all our resources towards the organsation of an all-out effort to meet this grave national emergency. The flame of liberty and sacrifice has been kindled anew and a fresh dedication has taken place to the cause of India's freedom and integrity.

"This House gratefully acknowledges the sympathy and the moral and material support received from a large number of friendly countries in this grim hour of our struggle against aggression and invasion."

लास्ट फिक़रा सुनने वाला है :

"With hope and faith, this House affirms the firm resolve of the Indian people to drive out the aggressor from the sacred soil of India, however, long and hard the struggle may be."

[श्री जगत नारायण]

वजाय चीन का ऐग्रेशन खत्म करने के और अपना इलाका वापस लेने के, ढाई साल के बाद अब हमने पाकिस्तान को इजाज़त दे दी कि वह हमारे कुछ इलाके पर कब्ज़ा कर ले और उसके बाद दोनों सदनों ने बैठ कर के फिर एक रेज़ोल्युशन पास कर दिया । वाइस चेयरमैन महोदय, बताइये कि इन रेज़ोल्युशन के पास करने का क्या फायदा है? चीन और पाकिस्तान के नेता बैठे हुए यह समझते होंगे कि इनके रेज़ोल्युशन बेमानी चीजें हैं; क्योंकि इन्होंने पहला रेज़ोल्युशन पास किया 14 नवम्बर, 1962, को और उस पर इन्होंने अभी तक कोई अमल नहीं किया । तो मैं बड़े अदब के साथ यह कहना चाहता हूं कि आज हमारा सिर शर्म से झुक जाता है कि पहले ऐग्रेशन को हमने खत्म नहीं किया और अब पाकिस्तान ने दूसरा ऐग्रेशन कर दिया और इसके सम्बन्ध में भी हम सिर्फ कागज़ी कार्रवाई कर रहे हैं । पता नहीं आज प्राइम मिनिस्टर साहब 6 बजे क्या बयान देंगे सीज़ फायर के मुताल्लिक । उसके मुताल्लिक तो मैं कुछ कह नहीं सकता । मैं समझता हूं कि अगर सीज़ फायर हो भी जाये, तब भी जो हमने अहद लिया था 14 नवम्बर, 1962 को और जो हमने परसों लिया है, उसको सामने रखते हुये और आज जो हालात हैं और जिस संकट में से हम गुज़र रहे हैं, उसको देखते हुये हमको अपने इरादे की तकमील के लिये पूरा कदम उठाना चाहिये ।

वाइस चेयरमैन महोदय, यहां पर अपोज़ीशन की तरफ से कहा गया, हमारे वाजपेयी जी ने आप को एक सलाह दी कि इस नाजुक मौके पर, इस संकट के मौके पर आप को अपोज़ीशन को अपने कांफिडेंस में लेना चाहिये, और हमारे मौलवी अब्दुल ग़नी साहब ने अपनी तक़रीर में कहा कि आप को नेशनल गवर्नमेंट बनानी चाहिये । मै बड़े अदब के साथ शास्त्री जी की खिदमत में अर्ज करना चाहता हूं कि इस वक्त जो देश में संकट है, वह कोई मामूली संकट नहीं है । सीज़ फायर अगर आज हो भी जाये, तब भी यह संकट दूर होने वाला नहीं है । आप कहेंगे कि कैसे ? मैं बड़े अदम के साथ यह कहना चाहता हूं कि यह संकट इस किस्म का है कि यह संकट बाहर का भी है और यह संकट इंटर्नल भी है । इंटर्नल संकट कैसे है ? आज हमारे कांग्रेसी भाई इसको तस्लीम करें या न करें, आज हर सूबा के कांग्रेसी कांग्रेसियों से लड़ रहे हैं । हमारे रामकृष्ण साहब ने हमारे सूबा में एक तरफ इमर्जेंसी डिक्लेयर कर दी है और अमृतसर में जो मज़दूर हैं, उन पर उन्होंने इमर्जेंसी लागू कर दी है, मगर उसी के साथ पंजाब प्रदेश के जो कांग्रेसी हैं, वे वहां पर कांग्रेसियों को कांग्रेस से निकाल रहे हैं कि उन्होंने यह काम किया है, वह काम किया है । आज हर सूबे में कांग्रेसी कांग्रेसियों से लड़ रहे हैं और उधर हालत यह है कि चीन और पाकिस्तान हमारा इलाका लेते चले जा रहे हैं । हर सूबे में हमारे कांग्रेसी नेता लड़ रहे हैं और इस तरह वे देश पर ऐग्रेशन का, देश पर हमले का, मौका मुहैया कर रहे है ।

मैं बड़े अदब के साथ-आप की खिदमत में यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि अपोज़ीशन बैंचेज पर जो लोग बैठे हैं, उनके बारे में यह मत समझिये कि वे आप के दुश्मन हैं या देश के दुश्मन हैं । वे उतने ही देशभक्त हैं, जितने आप देशभक्त हैं जो कि सरकारी बैंचों पर बैठे हुये हैं बल्कि आप से ज्यादा देशभक्त हैं । आज हालत यह है कि इस वक्त हमारे साथ कोई देश नहीं है । 14 नवम्बर, 1962, के प्रस्ताव में आपने उन फ्रेंडली नेशंस का शुक्रिया अदा किया था, जिन्होंने हमारी मदद की थी, मगर आज कोई ऐसी फ्रेंडली नेशन नहीं है, जो पाकिस्तान के मामले में आपकी मदद को आये । इस वक्त न तो कोई कंट्री आप की मदद को आने वाला है और न आपका कोई पड़ोसी आपकी मदद को आने वाला है । इसलिये याद रखिये कि इस वक्त अगर कोई आपकी मदद कर सकता है तो वह आपका

देशवासी ही कर सकता है और यह लोग कर सकते है जो अपोजीशन में बैठे हुए हैं। हम हर रोज प्रधान मंत्री का बयान सुनते रहते है कि कंजरकोट खाली कराये वगैर हम कोई सुलह नही करेंगे और आज पता नही कि वे किस तरह की सुलह करते हैं। मगर एक बात मै कहना चाहता हूं कि दोनों हाउसेज में जिस ढंग की तकरीरे होती है, उससे देश का भला नही होता है। आज जरूरत यह है कि हमारे प्रधान "ऊंचे उठें और अगर वे नेशनल गवर्नमेंट बना सकें, तो उनको बनाना चाहिये।"

जब देश आजाद हुआ था और जब बटवारा हुआ था, तो महात्मा गांधी ने जो पहली कैबिनेट बनवाई थी यहां हिन्दुस्तान मे, उसी मे श्यामा प्रसाद मुकर्जी भी थे, उसमे भाभा साहब भी थे, उसमे जान मथाई साहब भी थे, उसमे अकाली पार्टी के सरदार बलदेव सिंह भी थे और इस तरह उन्होने उसको एक नेशनल गवर्नमेंट की शक्ल दी थी, ताकि दुनिया को बता सकें कि हम को आजादी मिली है, तो हम आजादी को, अपने हाथ में बरक़रार रख सकते है और देश को आगे ले जा सकते है। आज देश पर बड़ा भारी संकट है। इधर तो अपने अन्दर संकट हैं, आपस के लड़ाई झगड़े चल रहे हैं, और उधर देश के बाहर से संकट है। चीन और पाकिस्तान ललचाई हुई नज़रो से हमारे देश की तरफ देख रहे हैं कि किस ढंग से हमारे देश के इलाके को वे अपने कब्जे में कर ले। इसलिये अगर कोई इस वक्त हिन्दुस्तान के सच्चे दोस्त है, तो ये अपोजीशन के लोग है। इसलिये बजाय, इसके कि यहा पर आपस मे वहस मुबाहिसा हो, बजाय इसके कि यहा पर सवाल जबाब हों और वह अखबारात मे छपे, मैं प्रधान मंत्री से कहूगा कि वे हमारे नेताओ को जो अपोजीशन मे बैठ हुये है, उनको अपने काफिडेंस मे ले और बैठ कर के उनके साथ बात करें। आज जो सीज फायर की बात चल रही है उसमे प्रधान मंत्री को अपोजीशन के नेताओं, को अपने काफिडेंस में लेना चाहिये। अगर वे उनको कांफिडेंस में लें, तो फिर मैं समझता हूं कि इस हाउस में किसी किस्म की बातें नही होंगी और न कोई बयान अखबारात मे जायेगा और फिर हमारा समूचा देश एक नज़र आयेगा हमारे दुश्मनों को, पाकिस्तान को और चीन को। मै बैक बेंचर हू, मुझे नही पता कि हमारे नेताओं से बातचीत हुई है या नही, मगर मुझे डाह्याभाई की देशभक्ति पर, श्री वाजपेयी की देशभक्ति पर, श्री सिन्हा और श्री भूपेश गुप्ता की देशभक्ति पर कोई शक नही है और मैं समझता हूं कि अगर इस वक्त हमारे नेता ऊंचा उठें और इनको कांफिडेस मे लें तो हर रोज जो सवाल जवाब होते है वह न हो और जो इस ढंग की बातें आती है कि कोई कहता है कि पाकिस्तान पर हमला कर दो, कोई कहता है कि लाहोर पर हमला कर दो, कोई कहता है कि सियालकोट पर हमला कर दो, वे न आवें। ये बातें अखबारात मे जाने वाली नही है। यह तो आपस मे बैठ कर के तय करना है कि क्या लाइन अख्तियार करना चाहिए। तो अगर हमारे नेता ऊचा उठेंगे और अपोजीशन को अपनी काफिडेस में लेंगे तो यकीनन मैं कह सकता हूं कि हम चीन का भी और पाकिस्तान का भी मुकाबिला कर सकते हैं। इसलिये कर सकते है कि हम बिल्कुल एक दीवार की तरह इकट्ठे हो जाएंगे इस मिनिस्ट्री के साथ, मगर बदकिस्मती से हमारे नेताओ ने यह समझा है कि वे जो चाहें कर सकते है और हर रोज बयान देते है। उस बयान की वेल्यू क्या है? यही वैल्यू है जो कि मैंने पढ़ा कर आपको सुनाया है। इस वक्त जरूरत यह है कि हमारे जो नेता है वे बहुत कम बयान दें। जब हमारे राष्ट्रपति बरदोली में गये तब उन्होने एक बयान दिया था, बड़ा शानदार बयान था, वह मैं इस हाउस के सामने पढ कर सुनाना चाहता हूं:

"Indian reverses in NEFA should be regarded as a matter of sorrow, shame and humiliation. We have to retrieve our lost prestige. India's

[श्री जगत नारायण]

freedom, security and honour are the things which are endangered today. The qualities of courage, discipline and organised determination for which Sardar Vallabhbhai Patel stood are required of the nation now to overcome the shame."

आज जरूरत है हमें सरदार पटेल की, पटेल जैसे लीडर की, जोकि आज देश को आगे ले जा सके। इसके मुताल्लिक वहां हमारे राष्ट्रपति ने आगे कहा :

"Sardar Patel was a man of few words, but of firm unequivocal tones and was one who gave expression to the voice of the nation which nobody could mistake or misunderstand. One knew when he spoke what he meant and what he stood for. In a democracy we govern by talking. When we talk, therefore, we have to be precise, clear and consistent and must not go about saying things which have to be explained a hundred times later".

तो राष्ट्रपति जी ने क्या कहा ? उन्होंने कहा कि आज जरूरत नहीं है कि बहुत लम्बे चौड़े बयान दिये जांय। आज जरूरत नहीं है कि हम रोज चैलेंज करते रहें कि यह कर देंगे वह कर देंगे। जो करना हो वह करिए। आप बैठिए अपोजीशन के साथ, अपने कांग्रेस के नेताओं को बिठलाइये, और यह हो सकता है कि मिलिटरी के बड़े बड़े अफसरों को बिठाइए डिफेंस मिनिस्टर को बिठाइए, उनको एक कमरे में बन्द कर दीजिए, दो दिन बन्द रहें और फिर जो करना हो वह कीजिए। आज जो यह सब सिलसिला चल रहा है कि हम यहां जा रहे है, वहां जा रहे हैं, आज शास्त्री जी रशिया जा रहे हैं या और जगह जा रहे है तो वहां जाने की कोई जरूरत नहीं है, जिस वक्त देश पर इतना संकट हो तब बाहर जाने की कोई जरूरत नहीं है। यहां बैठिए और यहां बैठ कर सलाह मशविरा कीजिए और एक मन बना कर जो कदम उठाना हो वह उठाइए। पिछले दिनों शास्त्री जी ने स्टेटमेंट दिया। मैं उस वक्त जालंधर में था। श्री शास्त्री जी के बयान से लोगों के दिल बल्लियों उछले कि आज हमारी हकूमत जो है वह भी कुछ करने जा रही है। वहां पर एक अफवाह यह फैल गई कि हम लाहौर जा रहे हैं, लाहौर को आध घंटे में सर कर लेंगे लेकिन हुआ कुछ नहीं और लोगों का जो इनथ्यूजियाज्म था वह डैम्पेन हो गया। कहा कुछ जाता है, बड़े जोर के अल्फाज में कहा जाता है मगर जब अमल का मौका आता है तो ऐसे गुम सुम हो कर बैठ जाते हैं कि दुनिया हैरान हो जाती है।

वाइस चेयरमैन साहब, आज पाकिस्तान से हमें धक्का लगा है लेकिन मैं हूं, कल यहां पर एक सवाल हुआ था कि चाऊ एन लाई अफ्रीका या कहीं जा रहे थे तो उनका जहाज हिन्दुस्तान से गुजरा और कहा गया कि हमारा पाकिस्तान से मुआहिदा है कि उनके जहाज जा सकते हैं, मगर क्या हिन्दुस्तान का यह भी मुआहिदा है पाकिस्तान के साथ कि पाकिस्तान के मिलिटरी आफिसर्स और उसकी फौजें मशरिकी पाकिस्तान में हिन्दुस्तान के ऊपर से फ्लाई करके जायंगी। आज के अखबारात में यह छपा हुआ है। इसको पढ़ कर के दुःख होता है। आज हालत क्या है ? आज हालत यह है कि पाकिस्तान के स्पाइज़ बैठे हुए हैं, काश्मीर में बैठे हुए हैं, यहां दिल्ली में बैठे हुए हैं, जालंधर में बैठे हुए हैं, अमृतसर में बैठे हुए हैं और वे तमाम बातें अपने देश को पहुंचा रहे हैं। पिछले दिनों यहां पर एक फैसला किया, आल इंडिया रेडियो में कुछ हुआ और वह विदइन फिफ्टीन मिनिट्स पाकिस्तान के रेडियो से ब्राडकास्ट हुआ। अखबारात में यह भी छपा हुआ है। हमारी तो कोई चीज खुफिया नहीं रहती।

तो इस वक्त जरूरत क्या है सबसे ज्यादा ? सबसे पहले अगर कोई कदम हमारी सरकार को उठाना चाहिए तो यह उठाना चाहिए कि पाकिस्तान की इम्बैसी को बन्द करना चाहिए, चीन की इम्बैसी को बन्द करना चाहिए, उनको बन्द करके उन मुल्कों को

जवाब देना चाहिए कि हम भी एक जानदार मुल्क हैं, हम भी कोई कदम उठा सकते हैं, उसके बाद बातचीत होनी चाहिए अगर कोई बात हो तो। मगर सवाल इस वक्त यह पैदा होता है कि इस वक्त हम करना क्या चाहते हैं। तो वाइसचेयरमैन साहब, मैं यह समझता हूं कि सबसे पहले हमारे नेताओं को जो अपोजीशन के हैं उनको, मिल कर बैठ कर फैसला कर लेना है कि हम इस सदन में, न लोक सभा मे न राज्य सभा मे, इस किस्म के सवाल नही करेंगे जिससे कि देश को हानि पहुचती है। मुझे यकीन है कि हमारे नेता जो है वे यकीनन देश के हित के लिए तमाम बातें सुनेंगे बशर्ते कि आपका एटीट्यूड रीजनेबिल हो और उनको पूरे कान्फिडेंस मे लेने के लिए तैयार हो। दूसरी चीज यह है कि इम्बैसीज को फौरन बन्द कीजिए। आज पाकिस्तान में क्या हो रहा है। वहा से खबरे आ रही है कि यह हो रहा है, वह हो रहा है। पाकिस्तान की आर्मी कितनी है? हिन्दुस्तान की आर्मी पाकिस्तान से पांच गुना ज्यादा है। क्या बात है कि हमारी आर्मी आज बार्डर पर नही बैठी हुई है, हमने वहां पुलिस के आदमी बैठाए हुए है जिनको भर्ती हुए छ महीने, साल भर या डेढ़ साल हुआ है। क्यो नही वहा बाकायदा फौज भेजी जाय जब कि आपकी फौज की तादाद पाकिस्तान से पाच गुनी है। आप अपने बार्डर को उसी तरह से डिफेंड करे और वहां उसी ढंग से करे कि पाकिस्तान के लोगों को मालूम हो कि हिन्दुस्तान की जो फौज है वह पूरी तरह से सारे बार्डर पर बैठी है और अगर कही उन्होने जरा आगे बढने की कोशिश की तो गोलियों की दनादन मे वह खत्म हो जाएंगे।

आपका हाथ घंटी पर है। मै आपका बहुत शुक्रिया अदा करता हूं। मैं इस वक्त इतना ही कहूंगा कि हमारी सरकार को ऊंचा उठना चाहिए और ऊंचा उठ कर अपोजीशन को कांफिडेंस मे लेकर आगे बढ़ना चाहिए और इस किस्म का कोई मुआहिदा नही करना चाहिए जिस मुआहिदे से कि यहां जो संकल्प किया है वह जाता रहे। यहा पर जो करते रहे उसके खिलाफ कोई मुआहिदा किया तो याद रखिए कि देश आपको कभी माफ नहीं करेगा, आने वाला जमाना कभी माफ नही करेगा। बहुत बहुत शुक्रिया।

**श्री महावीर प्रसाद शुक्ल** (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सब से पहले मै सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश की वित्तीय स्थिति के बारे मे आकृष्ट करना चाहता हू। तीन पंचवर्षीय योजनाएं समाप्त हो गई परन्तु इस देश का सब से बडी जन सख्या वाला प्रदेश जिसकी जन संख्या 8 करोड़ है सब बातो मे आज पीछे है। बिजली, शक्ति, जो आज सभी विकास का आधार और साधन है, उसकी खपत उत्तर प्रदेश में सभी प्रदेशो मे कम है। आज इस देश के समस्त राज्यो मे से, सम्भवत: जम्मू और काश्मीर को छोड़ कर, बिजली की खपत सब से कम उत्तर प्रदेश की है। केवल 37 किलोवाट है जब कि दिल्ली की 224, बंगाल की 137, महाराष्ट्र की 119, मद्रास की 110, पंजाब की 105, गुजरात की 92, मैसूर की 84, उडीसा की 82, केरल की 60, बिहार की 58 और मध्य प्रदेश की 49 है और आसाम की 43 है। इस प्रकार बिजली के उत्पादन के लिए बार बार योजना बनाते हुए भी उत्तर प्रदेश को केन्द्र की सरकार से पिछली दो पंचवर्षीय योजनाओ मे वह आवश्यक वित्तीय सहायता नही मिल सकी जिसके आधार पर वह अपने प्रदेश की कृषि व्यवस्था को भी और उद्योग व्यवस्था को भी सम्हाल सकता। जिसका परिणाम यह रहा है कि वह प्रदेश जो हमारे देश का एक खलिहान हो सकता है, जिसकी विशाल

[श्री महावीर प्रसाद शुक्ल]

भूमि अत्यन्त उर्वर भी है, खाद के लिए और पानी के लिए तरस रहा है और जिसका परिणाम यह हो गया है कि उत्तर प्रदेश अपने प्रदेश में बसने वालो को न अब रोटी दे सकता है, न धंधा दे सकता है ।

[MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair]

उद्योगो का भी वितरण पिछली पंचवर्षीय योजनाओ मे, जो बुनियादी उद्योग देश मे कायम हुए है उनका, कुछ इस प्रकार से हुआ है कि उत्तर प्रदेश उससे सर्वथा वंचित रहा है । हमे अब यह जान कर कुछ संतोष हो रहा है कि सरकार का ध्यान अगली चतुर्थ पंचवर्षीय योजना मे उत्तर प्रदेश की तरफ, जहा तक उद्योगो के वितरण का प्रश्न है, कुछ जा रहा है । मैं आशा करता हू कि आगामी वर्षो मे उत्तर प्रदेश की तरफ केन्द्र की सरकार उसी प्रकार से ध्यान देगी जिस प्रकार से कि हृदय का ध्यान देना सारे शरीर के लिए आवश्यक होता है । सुनियोजित अर्थ व्यवस्था मे आर्थिक विकास के लिये वित्तीय साधनो पर केन्द्र का अधिकार होना है । विदेशी मुद्रा की व्यवस्था भी केन्द्र ही करता है । अतएव न केवल यह आवश्यक है अपितु परम वाछनीय है कि भविष्य मे केन्द्र सभी अर्थ व्यवस्था को इस प्रकार से सोचे और नियोजित करे ताकि देश का कोई कोना एकदम आगे बढ़ जाय और दूसरा भाग एकदम पिछडा रह जाय, यह परिस्थिति न हो ।

महोदया, अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र मे जो हमारे दूतावास हैं उनका कार्य पिछले, दस पन्द्रह वर्षों में जैसे भी रहा हो लेकिन पिछले दो तीन वर्षों से, जैसा कि देखने में आता है, जो समय की आवश्यकता है उस की पूर्ति उनसे नहीं हो रही है । चीन के हमले के समय हमने देखा और पाकिस्तान के हमले के साथ भी हम देख रहे हैं कि सारे वाह्य जगत में कहीं से भी ऐसी झलक नही दिखायी पड़ती कि हमारे दूतावास इस बात में सफल हो रहे हैं कि आज पाकिस्तान हमारे ऊपर जो हमला कर रहा है, और उस का हमला हुआ है, उसकी सही सही तसवीर हमारे विदेशों में अपने जो दूतावास हैं उसको दिखाने में वे समर्थ हो रहे हैं । उनकी कार्यविधि भी ऐसी है कि जो हमारे प्रवासी भारतीय है उनको भी उनसे कोई सहायता नही मिलती है । हमारे जितने भी दूतावासों के कार्य उनके संचालनकर्ता हमारी सेवाओं के लोग हैं जिनको कि देश की राजनीतिक परिस्थिति और लक्ष्य का उतना ध्यान नही रहता, जितना अपने सरकारी दफ्तरों को चलाने का ध्यान रहता है । इस अवसर पर मैं समझता हूं कि इस समय जो देश की सबसे बड़ी आवश्यकता है वह यह है कि संसार में इस बात की जानकारी हो कि पाकिस्तान और हिन्दुस्तान का यह जो झगड़ा है यह सीमा का विवाद नहीं है अपितु पाकिस्तान ने सीधे सीधे भारत की धरती पर हमला किया है । यदि ऐसा ज्ञान होता तो बहुत से देश जो हमले के, आक्रमण के विरुद्ध हैं, वे तो कम से कम अपनी आवाज तो उठाते । आज हमारी वैदेशिक नीति यह है कि आज कोई हमारे मित्र दिखायी नही देते और यहा तक कि जो हमारे मित्र रहे है, जिनके समय में हम उनके काम मे आए हैं, वे भी संशय मे हैं कि हम सही पर है कि नहीं ।

प्रतिरक्षा का प्रश्न सबसे बड़ा प्रश्न है । इस सम्बन्ध में हमे अपने देश की प्रतिरक्षा के लिये अपने देश के सारे इतिहास को मद्देनजर रखते हुए, हमेशा के लिये तय करना होगा कि हमारी क्या नीति है । पिछले तीन वर्षों से हमारे देश मे इमरजेन्सी की स्थिति चल रही है । इमरजेन्सी की स्थिति का अर्थ यह होता है कि देश चोकन्ना और तैयार रहे । न केवल इमरजेन्सी चीन के मामले में थी, अपितु हमारी सीमाओ पर पन्द्रह वर्षों से पाकिस्तान से हमारा "सीज फायर" है, जिस का अर्थ यह है कि पाकिस्तान से हम लडाई पर हैं—केवल अस्थायी संधि है । चीन से भी हमारा "सीज फायर" है,

जिसका अर्थ है हम उससे लडाई पर हैं–केवल अस्थायी संधि है । अतएव किसी सीमा पर, किसी कोने पर, कोई शत्रु हमारे ऊपर हमला करे और हम कहें वह हमारा वल्लरेब्ल पोइन्ट था, कमजोर जगह थी, इसलिये दुश्मन चला आया, इससे देश को संतोष नहीं हो सकता, इससे देश का आत्मबल गिरता है, सेना का आत्मबल गिरता है और संसार के देशों में भी हमारा सम्मान गिरता है । इतना बड़ा देश–47 करोड़ की जनसंख्या वाला महान् देश–जिस सरकार और नेतृत्व के पीछे खड़ा हो, उसका इस देश और जनता के प्रति एक महान दायित्व है । इस अवसर पर मुझे तुलसीदास का एक पद याद आता है जिसमें उन्होंने कहा है : "टेढ़ जांन शंका सब काहू" रहीम ने भी कहा है :

"रहिमन ऐंढ़ न छोड़िए, जंह तंह ऐंड़ बिकाय
बिना ऐंड़ का चारवा, खुरपी लादा जाय ।"

जो भारत सरकार सह अस्तित्व और शांत का नारा लगाती थी, जैसे उसने ठेका ले लिया है संसार भर को शांति और संतोष देने का । और अपने देश में हमले का आह्वान करे, जब चीन ने हमारे ऊपर हमला करने के बाद अणुबम बनाया तब भी हमने तय किया कि हम अणुबम नही बनायेंगे । अणुबम की आवश्यकता इसलिये नहीं कि हम दुश्मन पर अणुबम का प्रहार करेंगे बल्कि इसलिये है कि हमारी सेना को और देशवासियों को आत्मविश्वास हो कि शत्रु के पास जो अस्त्र शस्त्र हैं उसके मुकाबले में हमारे पास भी अस्त्र शस्त्र हैं ताकि युद्ध में हमें इस बात की निश्चिन्तता हो कि अंतिम विजय हमारी रहेगी । यदि हमारे मन में यह भय उत्पन्न हो जाय कि हमारे पास ऐसा अस्त्र ही नहीं है तो हम कितने ही बलिदान करें, कितनी भी कुर्बानी करें, कितना ही सेना का रक्त बहा दें लेकिन दुश्मन के पास ऐसा हथियार हो जो वह इस्तेमाल करेगा तो हमारी पराजय होगी–इससे सेना का मनोबल गिरता है, देश की जनता का मनोबल गिरता है जो अपना सब कुछ दे कर, अपना तन, मन, धन देकर, देश की स्वाधीनता की रक्षा के लिये तैयार है उसका मनोबल गिरता है. और सबसे अधिक मनोबल गिरता है देश के आस पास जो पड़ौसी है उनका । आज एशिया और अफ्रीका का कोई देश इस बात का विश्वास नहीं रख रहा है कि सन् 1962 के बाद भारत में वह शक्ति और सामर्थ्य है कि वह अपनी रक्षा कर सकता है । चीन की सेनाएँ हमारे देश में घुस सकती है, यहा तक कि पाकिस्तान की भी सेनायें घुसी चली आ रही है । क्षोभ होता है जानकर कि सन् 1956 से इस बात की जानकारी थी कि पाकिस्तान की कुदृष्टि कच्छ के रण पर है, सन् 1956 से जानकारी थी कि कच्छ की सीमा कमजोर है, सन् 1956 से जानकारी थी कि वहां हमारे यातायात के साधन नही है । सरकार को उधर ध्यान देना था । जब हमने अक्साई चिन पर चीन का प्रवेश होते देखा था, उसी समय हमेशा के लिये सबक सीख लेना चाहिये था । एक ही बार सबक हमेशा के लिये सीखना चाहिये था । बार बार गलती को दोहराना किसी राष्ट्र के जीवन में कभी भी क्षम्य नहीं हो सकता । महोदया, मैं इस बात को मानता हूं कि : Constant vigilance is the price of freedom and over-preparedness for war is the greatest deterrent against it. हम चाहते हैं, संसार में युद्ध न हो परन्तु यदि हम कमजोर रहेंगे तो युद्ध को हम रोक नहीं सकते । हम चाहते है कि हमारे ऊपर कोई हमला न करे । परन्तु हम बेखबर रहेंगे तो हमले को रोक नहीं सकते हैं । मैं देखता यह हूं कि भारत सरकार पिछले तीन वर्षों मे इमरजेन्सी की स्थिति में रहते हुए भी यह हो कैसे गया कि हमारे किसी कोने पर ऐसा दुश्मन हमला कर रहा है जो पन्द्रह सालों से हमारा दुश्मन है, जिसका इरादा हमको मालूम है, जिसने नाकिस इरादे से हम कभी बेखबर नहीं हो सकते । क्या हम यह सोच सकते हैं कि हम देश की जनता को

[श्री महावीर प्रसाद शुक्ल]

बताए कि वहा पर दलदल है, वहा पर पानी है, सडक नही है, वहा हमारी सेना नही पहुंच सकती, केवल पुलिस रह सकती है। इस देश का कोई व्यक्ति यह सुनने के लिये तैयार नहीं है। मान्यवर, हमारा उत्तरदायित्व है, जो जनता के बीच मे जाते है, उनकी बातें सुनते है--उनके मनोबल को कायम रखने से पहले हमारा उत्तरदायित्व यह है कि हम सरकार को प्रहरी कुत्ते की तरह बताये कि आज जो जनता आप के पीछे हिमालय की दीवार की तरह खडी है उसका मनोबल ढीला हो रहा है आप की कमजोरी से, आपके ढीलेपन से, आप के सीधेपन से, आपके बेखबर रहने से। इस सरकार के लिये इस समय यह कहना कि पाकिस्तान ने अचम्भे मे हमला कर दिया कोई मच्छर तो जरूर गुनगुनाकर काटने आता किन कोई शत्रु हमला नही करता। गाना गाकर, ढोल बजा कर, न वह आपको बता कर हमला करेगा, न वह जगह बताएगा। आज जरूरत इस बात की है कि अगर पाकिस्तान ने हमला किया हमारी कमजोर जगह पर तो पाकिस्तान की जो दसियो जगह कमजोर थी वहा हमारा हमला होना चाहिये था सीज फायर का प्रश्न हमारे लिये हमेशा के लिये खतरनाक है, जिस तरह से लद्दाख मे और दूसरी जगहो मे चीन अपनी फौजे लेकर घुस आया उसी तरह से पाकिस्तानी फौजें भी काश्मीर में घुस आयी थी। काश्मीर मे जहां पाकिस्तान की फौजे आई वहां सीज फायर के पन्द्रह वर्षों बाद आज भी पाकिस्तान का कब्जा है। सीज फायर के बाद एक इच भी जमीन अगर पाकिस्तान के कब्जे मे है तो इस तरह से हमेशा जब तक सन्धि वार्ता चलती रहेगी उसी के कब्जे में रहेगी और हमेशा देश की दुर्दशा होती रहेगी। अगर आप समझते है कि केवल हिन्दुस्तान का उत्तरदायित्व यह है कि संसार मे युद्ध का विस्तार न हो, तो फिर हिन्दुस्तान की सीमाओं को आरक्षित छोड़ देना चाहिये, दुश्मन की फौज़े आने दीजिए, संसार मे "वसुधैव कुटुम्बकम्" का पाठ जो संसद् भवन के ऊपर लिखा हुआ है, जिसका अर्थ यह है कि सारे संसार को अपना घर समझो, आप किसी को दुश्मन न समझे। लेकिन आप इस बात को समझें कि जब आपका दरवाजा कमजोर होगा तभी धक्का दे कर चोर घुस आएगा। हम इस बात का संकल्प करें कि हम दुश्मन को हटा कर छोड़ेगे। तीन वर्ष पहले हमने ऐसा सकल्प किया था लेकिन उसकी तरफ हमारा कदम नही उठा। अब की तीसरी बार फिर हमारे ऊपर हमला हुआ है और फिर हमने संकल्प किया--इस ससद् का संकल्प, इस देश की जनता के कंठ-कंठ का संकल्प है, केवल इस सदन का संकल्प नही है, केवल ससद् सदस्यो का संकल्प नही है--और इस देश की सरकार को इस बात का आभास होना चाहिये, विश्वास होना चाहिये कि पत्थर के चट्टान की तरह देश की ४७ करोड़ जनता उसके पीछे खड़ी है। इस देश का मनोबल उठाने के लिये उसे उचित कदम उठाने चाहियें, आज हिन्दुस्तान की एक एक जनता दुखी है क्रुद्ध है यह जानकर कि भारत सरकार ने पाकिस्तान को मौके का जवाब नही दिया।

महोदया, मै आपके द्वारा सरकार से कहना चाहता हूं कि वह देश जिसने कि हमारे पास सन्धि का प्रस्ताव भेजा है, उसके बारे में मैं कहना चाहता हूं कि हम आज चाहे भले ही कुछ न कहें लेकिन उस पर हमे भरोसा नही है। पाकिस्तान ने अमेरिका से जितनी फौजी सहायता ली है वह कम्युनिस्ट चीन से लड़ने के लिये ली है, यह मानने की गलती न करें। सारा शस्त्र बल उसने हिन्दुस्तान से लड़ने के लिये लिया है और अमेरिका ने, मै यह कहना चाहता हूं, कि यह जानते हुए िया है कि किसी भी साबरेन देश पर कोई काबू नही रह सकता कि उसके हाथ मे आए हुए हथियार को इस्तेमाल न करने दे। मैं जानता हूं अमेरिका कुछ भी करे लेकिन अमेरिका पाकिस्तान से हथियार वापस नहीं ले सकता और पाकिस्तान के सैनिकों को उन हथियारों का इस्तेमाल करने

से रोकने की कोई शक्ति उसमे नहीं है । तो हम उसको चाहे कितना भी कहें वे कर क्या सकते हैं यह सोचना होगा ।

हमको यह समझना चाहिये महोदया, कि हिन्दुस्तान की स्वाधीनता की रक्षा का उत्तरदायित्व हिन्दुस्तान की जनता और हिन्दुस्तान की सरकार पर है । हिन्दुस्तान के वैज्ञानिक ही हिन्दुस्तान की रक्षा के लिये शस्त्र तैयार करेंगे, हिन्दुस्तान की जनता ही इस हिन्दुस्तान की रक्षा के लिये अर्थ दान करेगी, हिन्दुस्तान के जवान ही हिन्दुस्तान की रक्षा के लिये अपने जीवन का बलिदान करेंगे । यूरोप और अमेरिका के वैज्ञानिक हमारे लिये अस्त्र बनाएं, दूसरे देशों के करदाता हमे अस्त्र शस्त्र खरीदने के लिये पैसा दें और दूसरे देशो के जवान आकर हमारी सीमा की रक्षा करे, यह सम्भव नही है, यह विडम्बना है, हम भले ही कहे कि हम अणुबम नही भी बनाते लेकिन यह ऐलान करना कि हम अपने हाथ मे ऐसा हथियार नही रखेंगे, जिससे दुश्मन की पराजय हो यह दुश्मन को हमेशा के लिये आश्वस्त कर देना है कि जब मौका आएगा हमे पहले वह पराभव कर सकते हैं, विजय कर सकते है। महोदया, पूर्वग्रह, किसी व्यक्ति के लिये आदर्श हो सकता है लेकिन स्वाधीनता की रक्षा, देश की सीमा की रक्षा को किसी व्यक्ति या किसी पार्टी या किसी सरकार के पूर्वग्रह के आश्रित नही कर सकते, इसके लिये हमे हमेशा समय के अनुसार कदम उठाना पड़ेगा । हमारा ध्येय नान एलाइनमेट है लेकिन आज उसका परिस्थिति यह हो गई है कि ससार मे कोई भी देश हमारा मित्र नही दिखलाई पड़ता है । अगर नान एलाइनमेट का अर्थ यही है कि जब हम सत्य पर है, जब हम न्याय पर है, जब हम औचित्य पर है, तब कोई भी हमारे हक मे आवाज उठाने वाला नही है, तो हम इसको कब तक कायम रख सकते है ? इस देश की स्वाधीनता को खोकर कोई पूर्वाग्रह इस देश की सरकार को जीवित नही रख सकता है. यह मैं निवेदन करना चाहता हूं ।

महोदया, मैं इस सदन का ज्यादा समय नही लेना चाहता हूं । आज हमारे देश की जिस तरह की स्थिति है उसमे हम सब लोगो को संयम से काम लेना चाहिये । इसलिये मै सरकार को यह सुझाव नही देता कि वह कल क्या कदम उठाये और क्या करे । मैं सरकार की इस बात की भी निन्दा नही करता कि वह इतनी बेखबर क्यो रही । लेकिन इस देश के कोने कोने मे जनता मे क्रोध की भावना भरी पड़ी हुई है कि इस तरह का अपमान हमारे देश का क्यों हुआ और सरकार ने उसका बदला क्यो नही लिया । आप देश की जनता को यह दिखलाइये कि उसके दिये हुए कर का और विश्वास का आप ठीक उपयोग कर रहे है या नही ? अगर आपने देशकी जनता को यह नही दिखलाया कि जो सेना पर खर्च किया गया वह देश की रक्षा के लिये है । अगर आप देश की जनता को यह नही समझा सकते है कि आप देश की रक्षा के लिए समर्थ है, तब आप इस देश को आगे नहीं बढ़ा सकते हैं । आज देश में मानसिक संकट की स्थिति है और और उसका मनोबल खो रहा है । आज पाकिस्तान जैसे छोटे देश ने हमारे देश के ऊपर हमला कर दिया और हमारी जमीन पर जबर्दस्ती कब्जा कर लिया और हिन्दुस्तान को वह शक्ति नही है कि वह अपनी जमीन को वापस ले सके। हम यह इसलिए नही करते कि हमको डर है कि कही विश्व युद्ध न हो जाय । हम इस बात से डरते है कि कही टोटल युद्ध हो गया तो यह हिन्दुस्तान के लिए एक खतरनाक बात होगी । लेकिन मैं यह पूछना चाहता हूं कि जब यह बात हमारे लिए खतरनाक होगी तो क्या पाकिस्तान के लिए खतरनाक नहीं होगी ? अगर इस तरह की बात होती है तो लड़ते लड़ते मर जाना अच्छा है बनिस्बत जीवित रहते स्वाधीनता पर हमला होते देना और यह हर एक स्वाभिमानी देश का कर्त्तव्य है । मुझे क्षोभ होता है कि स्वाधीन देश के जीवन को आत्मबल देने वाली सरकार है, लेकिन आज वह सरकार देश की स्वाधीनता के लिए जीवन की बलि देने वाले

[श्री महावीर प्रसाद शुक्ल]
नवयुवकों को आगे नही कर रही है । यह हमारी दुर्दशा है और यह स्थिति ऐसी नहीं है जिसमें सरकार का समर्थन यह कहकर कर दे कि आपका कदम तो पीछे उठता जाय, एक पोस्ट छोड़ते जायें, दूसरी पोस्ट से हटते जायें और यह कह दें कि मिलिट्री का फैसला हुआ है । ये सब चीजें हमारे देश के मनोबल को बढ़ाने वाली नही है । देश की जनता नही समझती है कि इस तरह की स्थिति क्यों हुई है और आप तैयार क्यो नही हैं ? खासकर ऐसी हालत मे जैसाकि बहिन मनिबेन ने बतलाया और भी कई सदस्यो ने बतलाया कि पिछले कई महीनो मे, कई वर्षों मे, सरकार को इस बात की चेतावनी मिल रही है लेकिन वह हमेशा ही दब जाती है । हमारी सरकार अपने हाथो से देश की सीमाओ को खो रही है और इस तरह की स्थिति बहुत दिनो तक चलने वाली नही है । इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हू कि प्रतिरक्षा के प्रश्न पर हमको फिर से विचार करना होगा और इस देश की समस्त सीमाओ की रक्षा का उत्तरदायित्व भारतीय सेना के जिम्मे रखना होगा । इस मामले को प्रादेशिक पुलिस के हाथ मे नही रखना होगा । अगर हमने ऐसा किया तो हम हमेशा हर जगह अपने को तैयार नहीं पायेंगे । और फिर हमे इस देश की जनता का कोप भोजन बनना पड़ेगा तथा इस सरकार के पैर लड़खड़ायेंगे ।

मैं इस निवेदन के साथ अपना भाषण समाप्त करता हू ।

---

## ANNOUNCEMENT *RE* STATEMENT ON KUTCH BORDER SITUATION

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have to inform the House that Government would make a statement on the Kutch border situation at 6 P.M. today Therefore the House will sit till that time.

## THE APPROPRIATION (NO 2) BILL, 1965—*continued.*

**श्री देवी सिंह** (राजस्थान) . उपसभापति महोदया, आज हमारा देश एक बहुत ही महत्वपूर्ण सकट से गुजर रहा है और आज हमारे देश के सामने बड़ी भीषण परिस्थिति आई हुई है । हमारे देश के दोनो तरफ से हमला हो रहा है । बाहर की ओर से चीन और पाकिस्तान का हमला हो रहा है और भीतर भ्रष्टाचार और अनाज की कमी तथा भाषा का प्रश्न आदि कई समस्यायें है । बाहर की तरफ से हमारे देश के ऊपर जो हमला हुआ और उसका मुकाबला हमारे जवान किस तरह से कर रहे है उसकी सराहना किये बिना नही रहा जा सकता है । परन्तु यह दुःख के साथ कहना पड़ता है कि हमारी सरकार की जो नीति है उस के कारण हमारी सेना के जवानो को निराशा हो रही है और वह बढती ही जा रही है । चीन ने जब हमारे ऊपर हमला किया तो हमारे देश की सरकार की गलत नीति के कारण नीचा देखना पड़ा । हमारे बहुत से जवानो ने अपनी बलि दी और उसके बाद सरकार ने देश का कुछ इलाका चीन के कब्जे मे दे दिया । उस वक्त यह कहा गया कि चीन एक बड़ा देश है, उसके पास बहुत बड़ी शक्ति और सेना है और हमारी सेना उस का मुकाबला करने के लिए समर्थ नही है । आज वही चीज पाकिस्तान जैसे छोटे देश के साथ दोहराई जा रही है । आज हम यह देख रहे है कि पाकिस्तान जैसे छोटे देश के मुकाबले मे हमारी सेना को अपनी पोस्ट खाली करनी पड़ रही है । हमारी सरकार की कमजोर नीति के कारण कंजरकोट हमारे हाथ से चला गया जिसकी वजह से हमारी सेना के मनोबल पर बहुत खराब असर हुआ है । इसलिए मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि देश की रक्षा करने की आपकी जो पालिसी है उसको बदलना चाहिये । आज सरकार के पास बहुमत है इसलिए वह इस तरह की पालिसी चल रही है और